# दक्षता आधारित कार्य-पत्रक

विषय: हिन्दी कक्षा :आठवीं

| | |
|---|---|
| **पाठ/प्रकरण का नाम :** लाख की चूड़ियाँ | **समयावधि :** 40 मिनट |
| **विद्यार्थी का नाम :** ------------------------------------ | **पूर्णांक :** 20 |
| **अनुक्रमांक (रोल नं.) :** .............. | **दिनांक :** ....../....../........ |

**निर्देश:-** **1. सभी प्रश्न अनिवार्य है| 2. कार्य-पत्रक में दिए गए स्थान पर ही उत्तर लिखें|**
**3. लेखन कार्य की स्पष्टता एवं शुद्धता का विशेष ध्यान रखें|**

**(बहुविकल्पीय प्रश्न)**

**प्रश्न निम्नलिखित गद्य खंड को पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिये** 1

मैं बहुधा हर गर्मी की छुट्टी में अपने मामा के यहाँ चला जाता और एक आध महीने वहाँ रहकर स्कूल खुलने के समय तक वापस आ जाता | परन्तु दो तीन बार ही मैं अपने मामा के यहाँ गया होऊंगा तभी मेरे पिता की दूर शहर में बदली हो गई और एक लम्बी अवधि तक मैं अपने मामा के गाँव न जा सका तब लगभग आठ दस वर्षों के बाद जब मैं वहाँ गया तो इतना बड़ा हो चुका था कि लाख की गोलियों में मेरी रुचि नहीं रह गई |

1. **निम्नलिखित कथनों में से सही कथन है |**

*(i) लेखक के पिता की बदली हो जाने के कारण हर बार मामा के घर नहीं जा पाता*
*(ii) आज भी लेखक ने सभी स्त्रियों के हाथों में लाख की चूड़ियाँ देखी*
*(iii) लेखक हर बार सर्दियों में ननिहाल जाया करता था*
*(iv) लेखक आठ दस वर्षों बाद ननिहाल जाता है*

(क) (i) (ii) (iii) (iv) (ख) (ii) (iii) (iv)
(ग) (iv) (i) (ii) (घ) (i) (iv)

2. **आठ दस शब्द में विशेषण है** 1

(क)निश्चत संख्यावाची विशेषण (ख)अनिश्चित संख्यावाची विशेषण
(ग)गुण वाचक विशेषण (घ)निश्चित परिमाण वाचक विशेषण

3. **“मुझे <u>बदलू</u> का ध्यान हो आया |” रेखांकित शब्द व्याकरण की दृष्टि से पहचान कीजिए |** 1

(i) एकवचन (ii) व्यक्तिवाचक संज्ञा
(iii) बहुवचन (iv) पुल्लिंग

(क) (i), (ii), (iii)
(ख) (ii), (iii), (iv)
(ग) (iv), (i), (ii)
(घ) (i), (iv)

**4. अवधि शब्द का अर्थ है -** 1

(क)अवध की भाषा

(ख)समय

(ग)दूरी

(घ)स्थान

**5. उपर्युक्त गद्य खंड के लेखक का नाम है -** 1

(क)प्रेमचंद

(ख)शिव मंगल सिंह सुमन

(ग)हरिशंकर परसाई

(घ)कामतानाथ

**(भाषा की बात आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न)**

**6. मै अपने मामा के यहाँ चला जाता था | मामा शब्द का बहुवचन रूप होगा** 1

(क) मामाओं

(ख) मामायें

(ग) मामा

(घ) कोई नहीं

**7. निम्नलिखित शब्दों में से विशेषण शब्द पहचानकर लिखिए -** 1

(i) बदलू

(ii) एक आध

(iii) ध्यान

(iv) लम्बी

(क) (i),(ii),(iii)

(ख) (ii),(iii),(iv)

(ग) (ii),(iv)

(घ) (i),(iv)

**8. निम्नलिखित शब्दों में से द्वंद्व समास का उदहारण कौनसा नहीं है ?** 1

(i) खेत - खलिहान

(ii) संस्कृति - सभ्यता

(iii) खान - पान

(iv) राज - कुमार

(क) (i),(ii),(iii)

(ख) (ii),(iii),(iv)

(ग) (ii),(iv)

(घ) (iv)

**(वर्णनात्मक प्रश्न)**

**9. लेखक को बदलू का ध्यान आया तो उसके बाद उसने क्या देखा ?** 2

उत्तर:- ------------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------------

**10. बदलू को किस बात से चिढ़ थी ?** 2

उत्तर:- ------------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------------

**11. प्राचीन समय में लोग रुपये - पैसों के अलावा खरीददारी किस माध्यम से करते थे ?** 2

उत्तर:- ------------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------------

**12. मशीनी युग में बदलू के जीवन में क्या बदलाव आया ?** 2

उत्तर:- ------------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------------

**(रचनात्मक/सृजनात्मक प्रश्न)**

**13. अपने आस पास हाथों से बनने वाली वस्तुओं का वर्णन कीजिए तथा मशीन से बनने वाली वस्तुओं से किस प्रकार भिन्न है ?** 4

उत्तर:- ------------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------------

# उत्तरमाला

| प्रश्न | दक्षता/उद्देश्य | उत्तर | |
|---|---|---|---|
| | | (बहुविकल्पीय प्रश्न) | |
| 1. | स्मरण | उत्तर:- घ (i),(iv) | 1 |
| 2. | समझ | उत्तर:- ख | 1 |
| 3. | समझ | उत्तर:- ख (i),(iii),(iv) | 1 |
| 4. | स्मरण | उत्तर:- ख | 1 |
| 5. | स्मरण | उत्तर:- घ | 1 |
| | | (भाषा की बात आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न) | |
| 6. | अनुप्रयोग | उत्तर:- ग | 1 |
| 7. | स्मरण | उत्तर:- घ (i), (iv) | 1 |
| 8. | अनुप्रयोग | उत्तर:- घ (iv) | 1 |
| | | (वर्णनात्मक प्रश्न) | |
| 9. | लेखन , स्मरण | उत्तर:- लेखक ने देखा कि बदलू एक खटिया में सोया हुआ था \| उसकी आर्थिक स्थिति बहुत ख़राब हो गई चेहरे पर झुर्रियां पड़ गई उसका व्यवसाय बंद हो गया था \|वह गरीब हो गया \| | 2 |
| 10. | लेखन ,समझ | आजकल की स्त्रियों के हाथों की कलाइयों में कांच की चूड़ियों को पहने हुए देख कर उसको बहुत चिढ़ होती थी क्योंकि अब लाख की चूड़ियाँ कोई नहीं खरीदता \| | 2 |
| 11. | लेखन ,स्मरण | उत्तर:-प्राचीन समय में लोग वस्तु के बदले वस्तु देकर या लेकर खरीददारी या बिक्री करते थे \| इसे वस्तु विनिमय कहा जाता है \| | 2 |
| 12. | समझ ,लेखन | उत्तर:- मशीनी युग ने बदलू के जीवन को पूरी तरह बदल दिया \| उसकी लाख की चूड़ियों का व्यापार बंद हो गया \| इस कारण वह बेकार हो गया \|वह गरीब हो गया , साथ ही वह शरीर से बहुत कमज़ोर हो गया \| चेहरे पर झुर्रियां पड़ गई \| | 2 |
| | | (रचनात्मक/सृजनात्मक प्रश्न) | |
| 13. | लेखन ,सृजन | उत्तर:- छात्र स्वविवेक से उत्तर देंगे \| | 4 |
| | | | |